डीएम ने किया जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का शुभारंभ

नवादा। जिला परिषद कार्यालय, नवादा स्थित सभागार में जिला पदाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी, नवादा रवि प्रकाश द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या परिगणना) के अंतर्गत सभी जिलास्तरीय एवं चार्ज स्तरीय पदाधिकारियों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के कार्यों के संबंध में उपस्थित सभी चार्ज पदाधिकारियों को विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके सफल क्रियान्वयन में सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। अतः सभी पदाधिकारी पूरी गंभीरता, तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।



जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि आगामी जनगणना के द्वितीय चरण का कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाए। जनसंख्या परिगणना के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए, ताकि कोई भी घर अथवा व्यक्ति गणना से छूटने न पाए। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को जनगणना की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। उक्त दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जनगणना निदेशालय से आए मास्टर प्रशिक्षक श्री संजीव पाठक एवं श्री उत्कर्ष कुमार द्वारा उपस्थित जिलास्तरीय एवं चार्ज स्तरीय पदाधिकारियों को जनगणना के द्वितीय चरण से संबंधित विभिन्न कार्यों एवं प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से पदाधिकारियों को जनगणना कार्य के सफल संचालन एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य संपादन की जानकारी दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 एवं 31 अक्टूबर 2026 को जिला परिषद कार्यालय, नवादा स्थित सभागार में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के कार्यों के सुचारु, समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस अवसर पर गोपनीय शाखा प्रभारी, निदेशक डीआरडीए, संबंधित जिलास्तरीय एवं चार्ज स्तरीय पदाधिकारी तथा अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

श्रद्धापूर्वक याद किये गये महान वैज्ञानिक डा. होमी जहांगीर भाभा

कौआकोल (नवादा) (संसू)। महान परमाणु वैज्ञानिक एवं भारत के परमाणु कार्यक्रम के जनक डा. होमी जहांगीर भाभा को कौआकोल में लोगों ने उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किया। इस मौके पर लोगों ने उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए देश के वैज्ञानिक विकास में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यू जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल के प्राचार्य घनश्याम प्रसाद ने कहा कि डा. भाभा ने अपनी प्रतिभा, दूरदर्शिता और वैज्ञानिक सोच के बल पर भारत को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने देश में परमाणु अनुसंधान की मजबूत नींव रखी और वैज्ञानिक संस्थानों के विकास में अहम योगदान दिया।

जनसुनवाई में डीएम ने 19 परिवादों में कई का मौके पर किया निष्पादन

नवादा। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय 卐सबका सम्मान-जीवन आसान (श्ब्रुह्वद्द श्द्ब ह्व1द्वठ्ठद्द)卐 का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। इसी क्रम में 30 अक्टूबर 2026 को जिला स्तर पर जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस दौरान कुल 19 परिवाद प्राप्त हुए। जनसुनवाई में थाना अकबरपुर, ग्राम माखर निवासी कमला देवी द्वारा मुआवजा दिलाने से संबंधित, थाना पकरीबरावां, ग्राम दोंढा निवासी शालु वर्मा द्वारा चापाकल लगवाने से संबंधित, थाना कादिरगंज, ग्राम पटवासराय निवासी उपेन्द्र पासवान द्वारा दाखिल खारिज तथा थाना हिसुआ, ग्राम छत्तीहर निवासी राजेश कुमार द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें एवं समस्याएँ जिला पदाधिकारी के समक्ष रखी गईं। जिला पदाधिकारी ने सभी परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की नियमानुसार जाँच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी परिवादों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करें तथा परिवादियों को उनके मामलों में की गई कार्रवाई से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

अनुमंडलीय अस्पताल में 17 महिलाओं का बंध्याकरण

रजौली (नवादा) (आससे)। अनुमंडलीय अस्पताल में परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार की शाम 17 महिलाओं का सफल बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार के नेतृत्व में सर्जन डॉ. रामप्रवेश प्रसाद ने सभी ऑपरेशन किए। अस्पताल प्रबंधन द्वारा बंध्याकरण करवाने वाली सभी महिलाओं को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। नियमानुसार सभी महिलाओं को 24 घंटे तक अस्पताल परिसर में निगरानी में रखा जाएगा, उसके बाद उन्हें घर भेज दिया जाएगा। प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि परिवार नियोजन जनसंख्या नियंत्रण का सबसे कारगर उपाय है। सरकार द्वारा परिवार नियोजन को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आशा कार्यकर्ता और स्वास्थ्य कर्मी गांव-गांव जाकर लोगों को छोटे परिवार के लाभ के बारे में समझा रहे हैं। बंध्याकरण के लिए अस्पताल में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन से पहले सभी महिलाओं की आवश्यक जांच की गई और काउंसलिंग भी की गई। ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और सभी महिलाएं स्वस्थ हैं। सरकार द्वारा बंध्याकरण कराने वाली महिलाओं को प्रोत्साहन राशि के रूप में 2000 रुपए भी दी जाती है। साथ ही प्रेरक आशा कार्यकर्ताओं को भी प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रति मरीज 300 रुपए दिया जाता है। अस्पताल प्रबंधन ने लोगों से अपील की है कि परिवार नियोजन के साधनों को अपनाएं और जनसंख्या नियंत्रण में सहयोग करें। अस्पताल में परिवार नियोजन से संबंधित सभी सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध हैं। इच्छुक लोग अस्पताल आकर परामर्श ले सकते हैं। बंध्याकरण करवाने वाली महिलाओं और उन्हें प्रेरित करने वाली आशा को सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। ऑपरेशन के दौरान ओटी असिस्टेंट अश्विनी कुमार और आदित्य कुमार, ड्रेसर दिलीप कुमार, परिवार कल्याण परामर्शदाता राकेश कुमार सिंह, जीएनएम अनिल कुमार, अर्चना कुमारी, पूनम सिन्हा, नविता कुमारी समेत दर्जनों स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

आंधी-बारिश से धान और सब्जियों की फसल प्रभावित

सिरदला (नवादा) (संसू)। चक्रवाती तूफान के प्रभाव से सिरदला प्रखंड क्षेत्र में पिछले दो दिनों से रुक-रुककर हो रही तेज आंधी और बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बेमौसम बारिश के कारण धान की तैयार फसल के साथ-साथ हरी सब्जियों की खेती को भी काफी नुकसान पहुंचा है। खेतों में जलजमाव होने से पालक, धनिया समेत अन्य साग-सब्जियों की फसल प्रभावित हुई है। कई जगहों पर पानी जमा होने के कारण सब्जियों के पौधे जमीन पर गिरकर सड़ने लगे हैं। किसानों ने बताया कि धान की फसल पूरी तरह पककर तैयार हो चुकी थी और कई गांवों में कटनी भी शुरू हो गई थी। ऐसे समय में लगातार बारिश होने से किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

जिला स्तरीय युवा उत्सव का हुआ सफल समापन

नवादा। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार तथा जिला प्रशासन, नवादा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 30वें जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 का 30 अक्टूबर 2026 को केएलएस कॉलेज, नवादा स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में सफलतापूर्वक समापन हुआ। उत्सव के दूसरे एवं अंतिम दिन नुक्कड़ नाटक एवं कविता लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही, उत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। समापन समारोह के अवसर पर उप विकास आयुक्त, नवादा श्री शंभू शरण पाण्डेय के कर-कमलों द्वारा विभिन्न विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया गया। दो दिवसीय युवा उत्सव के दौरान समूह लोक नृत्य, समूह लोक गायन, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक एवं कविता लेखन सहित विभिन्न विधाओं में जिले के युवा प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी कला, रचनात्मकता एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के परिणाम निम्नवत हैं- नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता- प्रथम स्थान = आर.एस. इंटर स्कूल, फतेहपुर की वैष्णवी कुमारी, भूमैला परवीन, महविश परवीन, मांडवी कुमारी एवं मानसी कुमारी। द्वितीय स्थान = केएमपी राज शर्मा समूह के प्रमोद कुमार, मंटू कुमार, श्रवण कुमार, सोनू कुमार एवं रोहित कुमार। कविता लेखन प्रतियोगिता- प्रथम स्थान = प्राची कुमारी। द्वितीय स्थान = अनुष्का स्वाति। चित्रकला प्रतियोगिता - प्रथम स्थान = उषा कुमारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बारियों, नारदीगंज। - द्वितीय स्थान = नीतीश कुमार, यूएचएस बलिया, रजौली। - तृतीय स्थान = तनिषा कुमारी, टी.एस. कॉलेज, हिसुआ।



समूह लोक गायन प्रतियोगिता- प्रथम स्थान = अमरपाली प्रशिक्षण केंद्र, नवादा के रिया कुमारी, आरुषि राज, अम्पी कुमारी, मोनू कुमार, रविशंकर कुमार, कर्मवीर कुमार एवं राम कुमार। द्वितीय स्थान = प्लस टू सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खनवां की दीपशिखा, प्रिया कुमारी, सुहानी कुमारी, मुस्कान कुमारी, शिवानी कुमारी, पूजा कुमारी एवं गुड़िया कुमारी। तृतीय स्थान = टी.एस. इंटर विद्यालय, आंती की राखी कुमारी, अंजली कुमारी, निशा कुमारी, सोनम कुमारी, निकिता कुमारी, संजना कुमारी एवं संजना भारती। समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता

प्रथम स्थान = अमरपाली प्रशिक्षण केंद्र, नवादा के निवास कुमार, शिववर्ती कुमारी, फुला कुमारी, दीपन कुमारी एवं दयानंद राज।

द्वितीय स्थान = इंटर विद्यालय, ढोंढा की शिवानी कुमारी, करीना कुमारी, संजना कुमारी एवं शिवानी कुमारी। तृतीय स्थान = आईटीआई, नवादा की राधा कुमारी, सोनाली, प्रिया, राधा कुमारी, शांति कुमारी, रोशनी कुमारी, कांति कुमारी, सुहानी कुमारी, स्वीटी कुमारी एवं मुस्कान कुमारी।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री शंभू शरण पाण्डेय ने सभी सफल प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने युवाओं को अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मक क्षमता को निरंतर निखारने तथा कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को आगामी 2-3 दिसम्बर को जहानाबाद में होनेवाले राज्य स्तरीय युवा उत्सव में नवादा जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। इस दो दिवसीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में छिपी युवा प्रतिभाओं को पहचान एवं प्रोत्साहन प्रदान करना, उनकी रचनात्मक क्षमता का विकास करना तथा कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उन्हें एक बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, नवादा मनोज कुमार एवं जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सुश्री प्रतिभा कुमारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी, निर्णायक मंडल के सदस्य, प्रतिभागी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

हारे नहीं, मुझे हराया गया : डॉ. अनुज सिंह

नवादा। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के जन सुराज समर्थित प्रत्याशी डॉ. अनुज सिंह ने चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि उन्हें हराने के लिए उनके चार से पांच हजार प्रथम वरीयता के मतों को रिजेक्ट किया गया। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद उन्हें 11,063 प्रथम वरीयता के मत मिले, जबकि दिलीप कुमार को 14,191 और एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार को 16,241 प्रथम वरीयता के वोट प्राप्त हुए। उन्होंने दावा किया कि दूसरी वरीयता के मतों के आधार पर ही नीरज कुमार की जीत सुनिश्चित हुई। डॉ. अनुज सिंह ने आरोप लगाया कि मतदान के दिन से लेकर मतगणना तक शासन-प्रशासन उनके प्रतिद्वंद्वी की मदद कर रहा था। उन्होंने कहा कि चुनाव में मिले मतों का आकलन करने पर उनके समर्थकों की मेहनत और लोगों के विश्वास का पता चलता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने पहले से मतदाता बनाने का काम नहीं किया था। इसके बावजूद महज एक महीने के चुनाव प्रचार में उन्हें इतना समर्थन मिला, जो उनके लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि विधायक अनंत सिंह के समर्थकों और जन सुराज के कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत कर उन्हें सम्मानजनक मत दिलाए। यह सभी समर्थकों की एकजुटता, समर्पण और विश्वास का परिणाम है। उन्होंने चुनाव में साथ देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार जताया। डॉ. अनुज सिंह ने कहा कि हम हारे नहीं हैं, बल्कि अधिक संख्या में मतों को रिजेक्ट कर हमें हराया गया है। उन्होंने मतदाताओं और समर्थकों से निराश नहीं होने की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग खुश रहें और इसी तरह उनका साथ देते रहें। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता का स्नेह और सहयोग आगे भी मिलता रहा तो निश्चित रूप से एक दिन विजय हासिल करेंगे और समाज के उत्थान के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने सभी सम्मानित मतदाताओं, समर्थकों और कार्यकर्ताओं को हृदय से धन्यवाद दिया।

स्वामी दयानंद सरस्वती को दी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

कौआकोल (नवादा) (संसू)। आर्य समाज के संस्थापक एवं महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती को कौआकोल में लोगों उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धा पूर्वक याद किया। इस अवसर पर लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों और आदर्शों को याद किया गया। कार्यक्रम के दौरान जेपी सेनानी संपूर्ण क्रांति मंच के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश यादव ने स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों, अंधविश्वास और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई थी। उन्होंने शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समानता और वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

पीएम किसान उत्सव दिवस पर किसानों को दी आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी

नवादा। भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त के हस्तांतरण के अवसर पर नवादा जिले में पीएम-किसान उत्सव दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त कृषि भवन, नवादा स्थित सभागार में जिला कृषि पदाधिकारी, नवादा अजीत प्रकाश की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसानों ने प्रधानमंत्री द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का वेबकास्ट के माध्यम से सीधा प्रसारण देखा तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त के तहत लाभुक किसानों के बैंक खातों में राशि हस्तांतरण की प्रक्रिया के साक्षी बने।



कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी अजीत प्रकाश, उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण) शशि शेखर, उप परियोजना निदेशक, आत्मा उपेन्द्र कुमार, सहायक निदेशक (शस्य), प्रक्षेत्र सत्येन्द्र कुमार, सहायक निदेशक (शस्य), बीज उत्पादन-सह-विपणन पदाधिकारी रविकान्त कुमार, सहायक निदेशक (शस्य), बीज विश्लेषण प्रशान्त कुमार, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, नवादा श्रीमती प्रेमलता कुमारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, आत्मा सुश्री कृतिका भावना तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी, जैविक डॉ. अंशु कुमार सहित कृषि विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की पात्रता, योजना के लाभ, ई-केवाईसी, आधार एवं एनपीसीआई लिंकिंग तथा निर्धारित समय पर किस्त की राशि प्राप्त करने से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ दी गईं। साथ ही किसानों को प्राकृतिक खेती, खेत बचाओ अभियान एवं कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया। वहीं, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में कृषि विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों, प्रखंड तकनीकी प्रबंधकों, सहायक तकनीकी प्रबंधकों, कृषि समन्वयकों तथा किसान सलाहकारों द्वारा किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकों, फसल प्रबंधन एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान किसानों की समस्याओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

महंत बाबा के वार्षिकोत्सव में पहुंचे साधु-संतों को दी विदाई

कौआकोल (नवादा) (संसू)। पाण्डेय गंगौट मड़ही में महंत बाबा के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव पूजा के समापन के बाद पूजा समिति की ओर से शामिल होने पहुंचे साधु-संतों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर धार्मिक परंपराओं और श्रद्धा के साथ आयोजित पूजा-अर्चना में साधु-संतों ने भाग लिया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति के लिए मंगलकामना की। बुधवार एवं गुरुवार को महंत बाबा के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के दौरान मड़ही परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। पूजा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर महंत बाबा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। आयोजन के सफल समापन पर पूजा समिति के सदस्यों ने सभी साधु-संतों के प्रति आभार व्यक्त किया और उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। विदाई करते हुए समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों ने कहा कि साधु-संतों की उपस्थिति से वार्षिकोत्सव का धार्मिक महत्व बढ़ जाता है। इस तरह के धार्मिक आयोजनों से समाज में आस्था, प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव की भावना मजबूत होती है। क्षेत्र वासियों एवं वार्षिकोत्सव समारोह में शामिल होने पहुंचे श्रद्धालुओं ने समारोह की सफल आयोजन के लिए श्री शारंगधर मोहन, पूर्व जिप सदस्य नारायण स्वामी मोहन, साधुशरण सिंह, रामचंद्र सिंह, उपेन्द्र सिंह, अजय उर्फ पप्पू पाण्डेय, उपेन्द्र शर्मा, मुकेश वारसी, शुभंकर कुमार, अरविन्द शाही समेत पाण्डेय गंगौट के ग्रामीणों की सराहना की है।

मॉडल स्कूल में फिलो ऐप पर सक्रियता के लिए तीन छात्र एवं दो शिक्षक सम्मानित

रजौली (नवादा) (आससे)। प्रखंड मुख्यालय स्थित है इंटर विद्यालय के प्रांगण में अवस्थित सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल में फिलो ऐप पर बेहतर सक्रियता दिखाने वाले तीन छात्रों एवं दो शिक्षकों को सम्मानित किया गया है। फिलो ऐप के सुपरवाइजर सुधांशु मिश्रा ने मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सभी को सम्मानित किया और उनकी सक्रियता की सराहना की। सम्मानित होने वाले छात्रों में दीपिका कुमारी, शांतनु कुमार एवं सक्षम राज शामिल हैं। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक आशुतोष प्रधान एवं सहायक शिक्षक वीरेन्द्र पासवान को भी सम्मानित किया गया इस अवसर पर सुपरवाइजर सुधांशु मिश्रा ने बताया कि बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत छात्रों को डिजिटल माध्यम से निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से फिलो ऐप की सुविधा दी जा रही है। इस ऐप के माध्यम से कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राएं नीट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं। साथ ही विभिन्न विषयों की पढ़ाई के लिए शैक्षणिक सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि इस ऐप का मुख्य उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना और आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई में आने वाली बाधाओं को दूर करना है। विशेष रूप से मॉडल विद्यालयों की छात्राओं को इस सुविधा का लाभ देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने छात्रों को नियमित रूप से ऐप का उपयोग कर पढ़ाई करने और शिक्षकों से अधिक से अधिक छात्रों को इस सुविधा से जोड़ने की अपील की। सम्मान मिलने पर छात्रों एवं शिक्षकों में काफी उत्साह देखा गया है।

स्प्रिट की आशंका पर पुलिस ने थिनर लदी टैंकलोरी रोकी, सैंपल जांच में भेजा

रजौली (नवादा) (आससे)। थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर गुरुवार की शाम पुलिस और उत्पाद विभाग ने स्पिरिट परिवहन की आशंका पर एक टैंकलोरी को रोककर जांच शुरू की है। टैंकलोरी में थिनर लोड होने की बात कही जा रही है, जिसके सैंपल को लैब जांच के लिए भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड से बिहार के रास्ते टैंकलोरी से स्पिरिट की तस्करी हो रही है। सूचना के आलोक में समेकित जांच चौकी पर टैंकलोरी संख्या जेएच12एस7353 को रोककर पुलिस द्वारा जांच की गई। जांच के क्रम में चालक ने बताया कि टैंकलोरी में थिनर भरा हुआ है, जो कोडरमा से मोतिहारी जा रहा था। चालक के अनुसार थिनर बड़े टैंकरों में झारखंड के कोडरमा आता है और वहां से जरूरत के हिसाब से छोटे टैंकरों में भरकर बिहार के विभिन्न जिलों में सप्लाई किया जाता है।

भाविप की 'भारत को जानो' प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने प्रतिभा का मनवाया लोहा

नवादा। भारत विकास परिषद, दक्षिण बिहार प्रांत, शाखा नवादा के तत्वावधान में आज नवादा के मिर्जापुर स्थित सूर्यमंदिर हॉल में 'भारत को जानो' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पूरे नवादा जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कनीय वर्ग से 17 विद्यालय एवं वरीय वर्ग से 11 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में शामिल सभी विद्यालयों का नामकरण नदियों के नाम पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद, नवादा के अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद ने की, जबकि मंच संचालन कार्यक्रम संयोजक रामचंद्र कुमार सोनी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा वंदे मातरम् गीत के सामूहिक गायन के साथ हुआ। प्रतियोगिता में कनीय एवं वरीय वर्ग के प्रतिभागियों से भारत के इतिहास, भूगोल, विज्ञान, खेल, सभ्यता एवं संस्कृति सहित विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे गए। त्वरित प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान, बौद्धिक क्षमता एवं त्वरित निर्णय लेने की प्रतिभा का भी आकलन किया गया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है- कनीय वर्ग में विजेता विद्यालय एवं प्रतिभागी- प्रथम स्थान- दयाल पब्लिक स्कूल, पार नवादा, प्रतिभागी— आर्यन राज एवं शुभम कुमार। द्वितीय स्थान- दिल्ली पब्लिक स्कूल, नवादा, प्रतिभागी— ज्ञानसू कुमार एवं श्रेया कुमारी। तृतीय स्थान- भारतीय आवासीय प्रतियोगिता विद्या मंदिर, गोविंदपुर प्रतिभागी — रौशन कुमार एवं गोलू कुमार। वरीय वर्ग में विजेता विद्यालय एवं प्रतिभागी- प्रथम स्थान- कन्हाई इंटर विद्यालय, नवादा प्रतिभागी — मोहित कुमार एवं आदित्या कुमार। द्वितीय स्थान- प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय प्रतिभागी — खुशी प्रिया एवं कृपा तुलसी। तृतीय स्थान- न्यू एरा एकेडमी, पार नवादा प्रतिभागी — राशिका भारती एवं आराध्या सिन्हा।



प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं, कनीय एवं वरीय वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालयों के विद्यार्थी 1 नवंबर को बरबीघा में आयोजित होने वाली प्रांतीय स्तर की 'भारत को जानो' प्रतियोगिता में भाग लेने जाएंगे। इससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। भारत विकास परिषद प्रत्येक वर्ष इस प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, भारतीय इतिहास एवं संस्कृति के प्रति जागरूकता तथा सामान्य ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से करती है। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उन्हें भारत की गौरवशाली परंपराओं से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में भारत विकास परिषद के सचिव राजेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार तथा सदस्य अरविंद कुमार गुप्ता, विवेक चन्द्रधीर, तुलसी दयाल, नवीन कुमार, अमरेंद्र कुमार, अजीत, नवीन कुमार रिंकू कुमार, राजकुमार, चंद्रकांत कुमार, अभय कुमार श्रीवास्तव, विनय अग्रवाल एवं डॉ. सुनील कुमार सहित अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के माध्यम से परिषद के अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद के द्वारा विस्तार से विद्यार्थियों में ज्ञान, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित किया गया। आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को भारत की गौरवशाली विरासत से जोड़ना तथा उन्हें जागरूक, ज्ञानवान एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना रहा।

अभियान बसेरा के तहत वासभूमिहीन लाभुकों से स्टेडियम नहीं, संबंधित अंचलों में आवेदन लिये जायेंगे

नवादा। अभियान बसेरा के तहत जिले के वासभूमिहीन पात्र लाभुकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी अंचलों एवं पंचायत सरकार भवनों में लगातार सात दिनों तक विशेष शिविरों का आयोजन कर आवेदन प्राप्त किए गए थे। इसके अतिरिक्त, लाभुकों की सुविधा एवं उनकी सहूलियत को ध्यान में रखते हुए दिनांक 10 अक्टूबर 2026 से हरिश्चन्द्र स्टेडियम, नवादा में भी आवेदन जमा करने की विशेष व्यवस्था की गई थी। इस संबंध में सभी वासभूमिहीन लाभुकों को सूचित किया जाता है कि 31 अक्टूबर 2026 से हरिश्चन्द्र स्टेडियम, नवादा में अभियान बसेरा के तहत आवेदन प्राप्त नहीं किए जाएंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने अंचल अंतर्गत पंचायतवार एवं अंचलवार वासभूमिहीन पात्र लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही, आवेदन प्राप्त होने के उपरांत संबंधित लाभुकों को पावती रसीद भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं, ताकि आवेदन जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अभियान बसेरा के तहत पात्र वासभूमिहीन लाभुकों को लाभान्वित करने के लिए आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया संबंधित अंचल कार्यालयों के माध्यम से निरंतर जारी रहेगी।

जिला स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का समापन

नवादा। जिला कृषि प्रक्षेत्र (शोभिया), नवादा के प्रांगण में आत्मा, नवादा के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का गुरुवार को समापन हो गया। दूसरे एवं अंतिम दिन आयोजित कार्यक्रम में कृषि एवं संबद्ध विभागों के पदाधिकारियों ने किसानों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, उनके लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में उप परियोजना निदेशक, आत्मा, नवादा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फार्मर रजिस्ट्री तथा कृषि विभाग की अन्य योजनाओं से संबंधित ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के बारे में बताया और किसानों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। जिला कृषि पदाधिकारी ने कृषि विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने पात्र लाभुकों को जागरूक कर लाभान्वित करने पर विशेष जोर दिया। मेले में प्रगतिशील किसानों ने अपने कृषि अनुभव, नवाचार एवं सफल खेती के तरीकों को साझा किया, जिससे अन्य किसानों को उन्नत तकनीक अपनाने और आय बढ़ाने की प्रेरणा मिली।



मेले में उत्कृष्ट- उत्पादों एवं नवाचारों के प्रदर्शन के आधार पर किसानों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रथम पुरस्कार- प्रखंड सिरदला के किसान चन्द्रिका प्रसाद को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर मिलेट्स, टनकुप्पा, गया के सहयोग से उत्पादित उन्नत मोटे अनाज (ज्वार, बाजरा, सांवा, रागी, कुटकी एवं कंगनी) की उत्कृष्ट प्रदर्शनी के लिए। द्वितीय पुरस्कार- दो किसानों को दिया गया। प्रखंड पकरीबरावां के किसान मेवालाल कुमार को जैविक विधि से सब्जियों की विपणन आधारित श्रेणीकरण खेती के लिए और प्रखंड नरहट की किसान सिंकू देवी को ग्राफ्टिंग विधि से सब्जी की नर्सरी तैयार करने के लिए।

तृतीय पुरस्कार- दो किसानों को दिया गया। प्रखंड नवादा के किसान बिरेश कुमार को ईख की उन्नत खेती, मसाला उत्पादन एवं जैविक सब्जी की खेती के लिए तथा प्रखंड नवादा की ही किसान गायत्री देवी को काला नमक धान प्रभेद की खेती के लिए। इसके अतिरिक्त जिले के अन्य 09 प्रखंडों से आए किसानों को उनके विशिष्ट कृषि उत्पादों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शनी के लिए सांत्वना पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। दो दिवसीय मेले का उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से अवगत कराना, नवाचार को प्रोत्साहित करना, उन्नत उत्पादों को बढ़ावा देना तथा विभागीय योजनाओं से जोड़कर किसानों की आय में वृद्धि करना रहा। समापन कार्यक्रम में कृषि विभाग के जिला एवं प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी, कृषि प्रसार कर्मी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

वईजलास
प्रधान न्यायाधीश
परिवार न्यायालय नवादा अभिभावक
वाद सं-4/2026
महताब शाह ....आवेदक बनाम सेबा परवीन विपक्षी
नोटिस बनाम : सेबा परवीन पुत्री इनामुल हक शाह उर्फ गोरे शाह पति वाजिद अंसारी ग्राम रजहत पोस्ट रजहत थाना अकबरपुर जिला नवादा (बिहार) चू बजरिए इस प्रकाशन से आपको आगाह किया जाता है कि आपके विरुद्ध साधारण एवं निबंधित सम्मन निर्गत किया जा चुका है लेकिन आप अनुपस्थित रहे अतएव इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 24.12. 26 को 10.00 बजे मेरे इजलास में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उचित पैरवी करें अन्यथा वाद की सुनवाई एक पक्षीय कर दी जाएगी। इसे ताकिद जाने।
प्रधान न्यायाधीश
परिवार न्यायालय नवादा